1300. निम्न में से कौन-सा युग्म सुमेलित नहीं है?

जिला	लिंगानुपात
(a) सिरोही	952
(b) जैसलमेर	110
(c) अलवर	889
(d) बाँसवाड़ा	969

उत्तर - (b)

RPSC RAS/RTS 1996

व्याख्या— प्रश्नकाल के दौरान विकल्प (b) सही था। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार इन चारों जिलों का लिंगानुपात निम्नलिखित है – सिरोही (940), जैसलमेर का (852), अलवर (895) तथा बाँसवाड़ा (980) है।

1301. 1991 ई0 की जनगणना के अनुसार राजस्थान में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति का प्रतिशत है—

(a) 17.29 तथा 12.44 (b) 12.82 तथा 6.77
(c) 17.29 एवं 13.82 (d) 12.44 एवं 6.77

उत्तर - (a)

RPSC RAS/RTS 1997-98

व्याख्या— प्रश्नकाल के दौरान विकल्प (a) सही था। वर्ष 2011 के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार राजस्थान में अनुसूचित जातियों एवं अनुसूचित जनजातियों का प्रतिशत है- क्रमशः 17.8% और 13.5%।

1302. निम्न में से कौन-सा युग्म सही है?

प्रतिशत मरुस्थल क्षेत्र (राजस्थान)	प्रतिशत जनसंख्या (राजस्थान)
(a) 60	40
(b) 55	45
(c) 50	50
(d) 40	60

उत्तर - (a)

RPSC RAS/RTS 1999-2000

व्याख्या— राजस्थान में जनसंख्या घनत्व कम होने के कारण गाँव दूर-दूर पाये जाते हैं। कृषि के अभाव के कारण इन क्षेत्रों में जनसंख्या भी कम है। यही कारण है कि राजस्थान के 60% मरुस्थलीय क्षेत्र में 40% जनसंख्या पायी जाती है। मरुस्थलीय भागों में जनसंख्या जल **स्त्रोतों** के चारों तरफ केन्द्रित दिखाई देती है। अधिक जनसंख्या घनत्व उन्हीं भागों में पाया जाता है जहाँ उपजाऊ कछारी मैदान हैं।

1303. जनसंख्या की दृष्टि से राजस्थान का दूसरा सबसे बड़ा शहर कौन सा है?

(a) अजमेर (b) उदयपुर
(c) जोधपुर (d) जैसलमेर

उत्तर – (c)

RPSC RAS/RTS 2003

व्याख्या — राजस्थान का सबसे बड़ा शहर (जनसंख्या में) जयपुर है। राजस्थान का दूसरा सबसे बड़ा शहर (जनसंख्या में) जोधपुर है।

1304. सन् 2001 जनगणना के अनुसार राजस्थान के जिस जिले की जनसंख्या में ग्रामीण जनसंख्या का प्रतिशत सर्वाधिक है, वह है—

(a) टोंक (b) बांसवाड़ा
(c) सवाई माधोपुर (d) पाली

उत्तर—(b)

RPSC RAS/RTS 2006-07

व्याख्या— सन् 2001 की जनगणना के अनुसार बांसवाड़ा की जनसंख्या 1798194 थी जिसमें ग्रामीण जनसंख्या 1670368 तथा नगरीय जनसंख्या 127826 थी। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार राजस्थान के डूंगरपुर जिले की जनसंख्या में ग्रमीण जनसंख्या (93.6%) सर्वाधिक है।

1305. राजस्थान के कौन से जिले में जनसंख्या का सबसे कम घनत्व पाया जाता है?

(a) बीकानेर (b) जोधपुर
(c) बाड़मेर (d) जैसलमेर

उत्तर – (d)

RPSC RAS/RTS 2008

व्याख्या — राजस्थान का जनघनत्व (2011 की जनगणना के अनुसार) 200 है। वर्ष 2011 के आंकड़ों के अनुसार राजस्थान में सर्वाधिक जनघनत्व जयपुर (595) तथा न्यूनतम जनघनत्व जैसलमेर (17) का है।

1306. राजस्थान की जनगणना 2011 के अनुसार निम्न में से कौन सा एक जिला 0-6 आयु वर्ग में सर्वाधिक लिंगानुपात रखता है?

(a) प्रतापगढ़ (b) उदयपुर
(c) बांसवाड़ा (d) भीलवाड़ा

उत्तर – (c)

RPSC RAS/RTS 2013

व्याख्या –2011 की जनगणना के अनुसार 0–6 आयु वर्ग में राजस्थान का सर्वाधिक लिंगानुपात वाला जिला बांसवाड़ा (934) है। राजस्थान का बाल लिंगानुपात 888 है।

1307. भारत सरकार एवं राजस्थान द्वारा 25 मई, 2013 को प्रस्तुत जनगणना आँकड़ों के अनुसार राजस्थान में अनुसूचित जातियों एवं अनुसूचित जनजातियों की सम्मिलित जनसंख्या है –

(a) 31.3% (b) 34.2%
(c) 30.7% (d) 28.5%

उत्तर – (a)

RPSC RAS/RTS 2013

व्याख्या – अनुसूचित जनजाति में राजस्थान का देश में 5वाँ स्थान है। 2011 की जनगणना के अनुसार राज्य में कुल जनसंख्या का 13.5% अनुसूचित जनजाति रहती है। जबकि 17.8% अनुसूचित जाति रहती है। वर्ष 2013 के आँकड़ों के अनुसार इनकी सम्मिलित जनसंख्या 31.3 प्रतिशत है।

(x) अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रक

1308. राजस्थान में राजस्व मण्डल की स्थापना कब हुई?

(a) 1947 (b) 1949
(c) 1951 (d) 1955

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-C

Ans. (b) : राजस्थान में राजस्व मण्डल की स्थापना 1949 ई. में की गयी। इसकी स्थापना राज्य में राजस्व मामलों के शीर्ष न्यायालय एवं राजस्व प्रशासन के लिए प्रमुख प्रबंधक एवं नियंत्रक के रूप में की गयी। राजस्थान राजस्व मंडल का मुख्यालय अजमेर में स्थित है।

1309. राजस्थान के बजट 2021-22 में, इंदिरा गांधी शहरी क्रेडिट कार्ड योजना में कितनी राशि तक ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध करवाने की घेषणा की गई?